छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान,

भागीदारी भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

(समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश)

निःशुल्क कोचिंग योजना

छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमती नगर, लखनऊ।

परिचय

छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, गोमती नगर, लखनऊ की स्थापना वर्ष 1997 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्‌देश्य से की गयी थी।

संस्थान एक विशाल परिसर में फैला हुआ है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 5.5 एकड़ है। संस्थान में एक प्रशासनिक भवन, एक ऑडीटोरियम, छात्रावास में दो ब्लाक, जिसमें प्रत्येक में 75–75 कमरे है। छात्रों की भोजन व्यवस्था हेतु मेस में दो डायनिंग हॉल उपलब्ध हैं। वर्ष 2020 में छात्रों को व्यायाम की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु छात्रावास में एक उन्नत व्यायामशाला की स्थापना उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि0 के सहयोग से करायी गयी है।

पूर्व में संस्थान में आई0ए0एस0, पी0सी0एस0, बैंकिंग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, रेलवे, बैंकिंग सेवा आदि की परीक्षाओं हेतु 05 माह का कोचिंग सत्र संचालित किया जाता था। शासनादेश संख्या–1015/ 26–3–2020 दिनांक 27 अप्रैल 2020 में विभागीय कोचिंग संस्थाओं में आई0ए0एस0/ पी0सी0एस0/अन्य समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु 10 माह का कोचिंग सत्र संचालित किये जाने की व्यवस्था निर्धारित की गयी है।

संस्थान के अनुरक्षण का कार्य मुख्य रूप से यू0पी0 सिडको, लखनऊ से कराया जाता है।

कोचिंग व्यवस्था

1– 300 अभ्यर्थियों की प्रवेश क्षमता।

2– प्रवेश की कुल क्षमता के सापेक्ष अनुसूचित जाति के छात्रों हेतु 45 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु 05 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों हेतु 50 प्रतिशत स्थान।

3– संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश।

4– सिविल सेवा परीक्षा हेतु (प्रारम्भिक + मुख्य परीक्षा) 10 माह की कोचिंग।

कोचिंग में प्रवेश हेतु अर्हतायें

1. प्रशिक्षणार्थियों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का होना अनिवार्य है और उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिये।

2. प्रशिक्षणार्थियों को किसी सरकारी/गैर सरकारी सेवा में कार्यरत नहीं होना चाहिये एवं किसी संस्थान में अध्ययनरत नही होना चाहिये।

3. अभ्यर्थियों के माता–पिता/अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 06 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिये।

छात्रों हेतु सुविधायें

- 10 माह की निःशुल्क कोचिंग।
- अनुभवी एवं योग्य गेस्ट फैकल्टी।
- निःशुल्क आवास एवं मेस व्यवस्था।
- पुस्तकालय एवं इंटरनेट की सुविधा।
- वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मोटिवेशनल क्लासेस।
- स्मार्ट क्लासेस।
- हरे–भरे पेड़–पौघो से युक्त शांत शैक्षिक वातावरण।
- प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था।
- उन्नत व्यायामशाला।
- मनोरंजन।

मेस व्यवस्था

- संस्थान में प्रवेशित छात्रों के लिये निःशुल्क मेस व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें छात्रों को प्रातःकालीन चाय–नाश्ता, दोपहर का भोजन, सांयकालीन चाय एवं रात्रि का भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार उपलब्ध कराया जाता है।
- वर्तमान में छात्रों की भोजन व्यवस्था रू0 100/– प्रति छात्र प्रतिदिन की दर पर संविदा के आधार पर संचालित है।
- उक्त दर शासनादेश दिनांक 23 मार्च 2022 द्वारा बढ़ाकर रू0 114/– प्रति छात्र प्रतिदिन कर दिया गया है।

अतिथि प्रवक्ता

संस्थान में स्थाई फैकल्टी नही है। अतः संस्थान में अध्यापन कार्य हेतु विश्वविद्यालय/पी0जी0 कॉलेजों/निजी कोचिंग संस्थाओं से प्रवक्ताओं तथा नेट/जे0आर0एफ0 उत्तीर्ण/सिविल सेवा मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अतिथि प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाता है। अतिथि प्रवक्ताओं को 90 मिनट के एक व्याख्यान हेतु मानदेय के रूप में रू0 1000/– (एक हजार रूपये) की दर से भुगतान किया जाता है।

संस्थान की उपलब्धियां

- ❖ स्थापना वर्ष/कोचिंग सत्र प्रारम्भ – 26 जुलाई 1997
- ❖ संचालित किये जा चुके सत्रों की संख्या – 97
- ❖ 97वें बैच तक प्रवेशित छात्रों की संख्या – 7562
- ❖ अब तक विभिन्न पदों पर अंतिम रूप से चयनित – 335

(मुख्य रूप से चयनित सिविल सेवा ग्रुप–बी–01, आई0आर0एस0–02,पी0सी0एस0 जे0–05 तथा पी0सी0एस0 एलाइड–86)

❖ वर्तमान में संचालित कोचिंग सत्र

- ❖ आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा–2022 (228 छात्र)
- ❖ पी0सी0एस0 मुख्य परीक्षा–2022 (21 छात्र)

संस्थान में सृजित पद

संस्थान में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उपनिदेशक, लेखाधिकारी सहित कुल 26 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 10 पद भरे हुये हैं तथा 16 पद रिक्त हैं। 12 रिक्त पदों के सापेक्ष जेम मैन पावर पोर्टल के माध्यम से आउट सोर्सिंग के आधार पर कर्मचारियों की सेवायें ली जा रही है।

संस्थान की प्रशासनिक संरचना

निदेशक

संयुक्त निदेशक

उप निदेशक

वित्त एवं लेखाधिकारी

छात्रावास अधीक्षक — व्यवस्थापक — फार्मासिस्ट

कार्यालय

संस्थान की शैक्षणिक (Academic) संरचना

निदेशक

|

संयुक्त निदेशक

|

उप निदेशक

|

अतिथि प्रवक्ता

|

छात्र प्रेरक